छपते छपते

युवा उद्यमी प्रियम बुधिया को मिला अन्तर्राष्ट्रीय पुरस्कार

कोलकाता, 31 अक्टूबर (संवाददाता)। कोलकाता की युवा उद्यमी प्रियम बुधिया को एफबीएन नेक्स्ट जन लम्बार्ड ओडियर पिपुल्स च्वाइस अवार्ड-2020 से नवाजा गया है। जल-उत्सर्ग परियोजना की सफलता के लिए उन्हें यह सम्मान प्राप्त हुआ है। 26 देशों के लोग इस प्रतिष्ठित अन्तर्राष्ट्रीय पुरस्कार हेतु प्रार्थी थे।

उल्लेखनीय है कि फैमिली बिजनेस नेटवर्क यानी एफबीएन 65 देशों से बने सदस्यों का संघीय संगठन है कि जिसकी स्थापना 1989 में हुई एवं इसका मुख्यालय स्विट्जरलैंड के लुसाने में स्थित है। इस नेटवर्क के माध्यम से नयी पीढ़ी को प्रोत्साहित किया जाता है जिसमें 19 से 40 वर्ष के युवा शामिल हैं। प्रियम बुधिया के व्यवयायिक प्रतिष्ठान पैट्टन को भारत सरकार द्वारा निर्यात प्रतिष्ठन के अन्तर्गत मान्यता दी गई है। यह प्राथमिक स्टील कन्ड्यूट फीटिंग्स का अमेरिका, कनाड़ा, मैक्सिको, जर्मनी आदि विकसित देशों में अपना उत्पाद निर्यात करता है।

PATTON®